# आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

मासिक आख्या– मई, 2022

संख्या– मैंमो–तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या/2022 दिनांक – 10 जून, 2022

**दिनांक 01.05.2022 को जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण में जनपद अन्तर्गत तापमान बढ़ने से विभिन्न क्षेत्रों** में वनाग्नि की घटनाओं में वृद्धि होने की सम्भावना के दृष्टिगत वनाग्नि की रोकथाम के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी है। उक्त बैठक में जनपद मुख्यालय के अधिकारी बैठक कक्ष में तथा जनपद मुख्यालय से बाहर/यमुना घाटी में उपस्थित अधिकारी वर्चुअल एप के माध्यम से प्रतिभाग किया गया । बैठक में वनाग्नि नियंत्रण हेतु कार्ययोजना तैयार कर वनाग्नि के तत्काल नियंत्रण के निर्देश दिये गये। सभी वनाधिकारियों को वनाग्नि के नियंत्रण सम्बन्धी उपकरणों की आवश्यकता हेतु धनराशि के मांग प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।





**दिनांक 02.05.2022 को उत्तरकाशी–घनसाली–तिलवाडा राज्य मोटर मार्ग पर समय लगभग रात्रि 9:30** बजे चौरंगीखाल व धोन्तरी के मध्य एक आल्टोकार कार आयांरखाल के पास दुर्घटनाग्रस्त हुयी। सूचना प्राप्त होते ही जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित कर रेस्क्यू कार्यवाही की गयी। उक्त वाहन में 03 लोग सवार थे जो कि सामान्य घायल है।






**दिनांक 02.05.2022 को आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग की विभिन्न कार्यों की समीक्षा तथा आगामी** मानसून सत्र के दृष्टिगत आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी तैयारियों की समीक्षा बैठक हेतु सम्बन्धितों से समन्वय कर सचिव महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में आवश्यक कार्यवाही की गयी।

**दिनांक 03.05.2022 को रात्रि लगभग 2:45 बजे बौन–पंजियाला मोटर मार्ग पर ट्रक वाहन जो** अंनियंत्रित होकर रोड से लगभग 50 मीटर नीचे खाई में दुर्घटनाग्रस्त हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी तथा सम्बन्धित रेस्क्यू टीम से समन्वय कर त्वरित गति से खोज–बचाव कार्य सम्पन्न करवाया गया। उक्त वाहन मे 04 लोग सवार थे जिसमे 02 लोगो की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी थी 02 लोग गम्भीर घउायल हुये थे जिन्हे 108 के माध्यम से जिला चिकित्यालय उत्तरकाशी लाया गया था।

**दिनांक 09.05.2022 को जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद आपदा प्रबन्धन प्रधिकरण एंव आपातकालीन** परिचालन केन्द्र के कार्यों का निरीक्षण किया गया। चारधाम यात्रा व्यवस्था एवं आगामी मानसून काल में आवश्यक तैयारी सम्बन्धी निर्देश दिये गये।





**मानसून अवधि में आपदा की संवेदनशीलता के दृष्टिगत जनपद में एक 35 सदस्यीय एन0डी0आर0एफ0 दल** की तैनाती की गयी है। उक्त 35 सदस्यीय दल द्वारा दिनांक 11.05.2022 को जनपद में उपस्थिति दर्ज करायी गयी है। के

**सेनानायक, एस0डी0आर0एफ0, वाहिनी जौलीग्राण्ट के पत्र संख्या–प–51/2021 दिनांक 09.05.2022 के द्वारा** जनपद में मानसून सीजन के दौरान बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों के दृष्टिगत एस0डी0आर0एफ0 की 05 वीं कम्पनी (फ्लड रिलीफ कम्पनी) एक 06 सदस्यीय टीम उत्तरकाशी में तैनात की गयी है।

**दिनांक 11.05.2022 को समय रात्री 8:34 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग किसाला के पास भूस्खलन होने** के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को रात्रि 9:14 बजे सुचारु करवाया गया।



***दिनांक 12.05.2022 को समय प्रातः 11:29 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग किसाला के पास भूस्खलन*** **होने** के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर निरन्तर निगरानी करते हुये मार्ग को सुचारू करवाये जाने हेतु अतिरिक्त मशीनरी की तैनाती करवायी गयी तथा यात्रियों के वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रूकवाया गया। मार्ग को दोपहर 2:10 बजे सुचारु किया गया।









**<u>दिनांक 12.05.2022 को रात्री 8:51 बजे लम्बगांव मोटर मार्ग चौरांगी खाल से आगे मोल्या बैंड के पास</u>** एक पेड गिरने के कारण यातायात हेतु बाधित होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा लोक निर्माण विभाग उत्तरकाशी व अन्य सम्बन्धितो से समन्वय कर मार्ग को रात्रि 9:42 पर सुचारु किया गया।




**दिनांक 13.05.2022 को मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आगामी मानसून सत्र में सम्भावित आपदा पूर्व तैयारियों** एवं चारधाम यात्रा के सुव्यवस्थित संचालन के सम्बन्ध में आहूत समीक्षा बैठक दिनांक 19.04.2022 में दिये गये निर्देशानुसार जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद के रेखीय विभागों, सेना/एन0डी0आर0एफ0/अन्य पैरा मिलेट्री फोर्सेस के साथ बैठक आहूत की गयी। आवश्यक तैयारी की समीक्षा कर विभागों को मानूसन के दृष्टिगत पूर्व तैयारी हेतु विस्तृत निर्देश दिये गये।

**दिनांक 13.05.2022 सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में <u>दिनांक 13.05.</u> 2022 को सांय 5:00 बजे वीडियों कार्फेसिंग बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय कर प्रतिभाग करवाया गया तथा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही की गयी।**

दिनांक 14.05.2022 को चिन्यालीयौड बल्डोगी के पास एक व्यक्ति की भागीरथी नदी के किनारे दलदल में फसने की सूचना प्राप्त होते ही जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा धरासू से पुलिस बल, एन.डी.आर.एफ. और क्यू.आर.टी टीम एवं एन0डी0आर0एफ0 से समन्वय कर रवाना की गयी। उक्त टीमो के द्वारा व्यक्ति को सकुशल रेस्क्यू किया गया।





**<u>अग्निसुरक्षा के दृष्टिगत मुख्य बाजार, उत्तरकाशी में आयोजित मॉक अभ्यास के दौरान पाया गया है कि बाजार</u>** क्षेत्र के अन्तर्गत विघुत तार लटकी होने, मार्ग के दोनों तरफ नालिया बनी है, जो खुल है अथवा जिनके लोहे/सीमेंट के ढ़क्कन जीर्ण–शीर्ण होने के कारण अग्निशमन के वाहन फंसने के दृष्टिगत जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सम्बन्धित विभागों को जिला मुख्यालय के बाजार में अग्निकाण्ड की घटना घटित होने पर तत्काल अग्निशमन के वाहनों के निर्वाध रूप से आवागमन हेतु विघुत विभाग अपनी विघुत तारों को तत्काल हटवाये तथा नगर पालिका परिषद बाजार में स्थित समस्त नालियों की आवश्यक मरम्मत कर नालियों को मजबूत एंगल/सिमेंट आदि से कवर करते हुये अतिक्रमण तत्काल हटवाना के निर्देश दिये गये।

**दिनांक 18.05.2022 को समय सांय 6:33 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग राणाचट्टी व स्यानाचट्टी के** बीच मे मार्ग की दीवार भूस्खलन **होने** के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/यात्रा कन्ट्रोल द्वारा यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रूकवाते हुये राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय उक्त स्थान पर पुलिस बल एंव एस.डी.आर.एफ0 की तैनाती की गयी। मार्ग के खोलने का कार्य 24 धण्टें किया गया। जिस हेतु अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था तथा नोडल आदि की तैनाती की गयी। यात्रियो के समुचित ठहने की व्यवस्था एवं पूर्ति विभाग के द्वारा खाने–पीने की व्यवस्था की गया। मार्ग दिनांक 19.05.2022 तक छोटे वाहन एवं 20.05.2022 तक बडो वाहनों के आवागमन हेतु वैकल्पिक रूप खोला गया तथा के दीवाल निर्माण कार्य किया गयां।



















**दिनांक 20.06.2022 को मुख्य वन सरंक्षक वनाग्नि एवं आपदा प्रबन्धन, उत्तराखण्ड देहरादून के पत्र** संख्या–696 / 27 / देहरादून दिनांक 18.04.2022 के क्रम में वर्तमान समय में तापमान के बढ़ने एवं अधिक dry spell के कारण जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में वनाग्नि की घटनायें घटित होने से जन जीवन / पर्यावरण प्रभावित होने की सम्भावना के दृष्टिगत वनाग्नि की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षा में सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक आहूत आहूत की गयी। सम्बन्धित अधिकारियों को वनाग्नि नियंत्रण हेतु कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

**<u>जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 13.05.2022 को जनपद आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण की आगामी मानसून काल में सम्भावित आपदा के</u>** दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों बैठक आहूत की गयी। सम्बन्धित विभागों को मानसून से पूर्व आवश्यक तैयारी किये जाने के निर्देश दिये गये।



**दिनांक 20.05.2022 के राडी से बडकोट मार्ग के बीच जंगल में आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही** जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा वन विभाग की टीम एंव सम्बन्धितो से समन्वय कर निगरानी करते हुये उक्त टीम द्वारा घटित वनाग्नि को नियंत्रित किया गया।










**भारत मौसम विज्ञान विभाग देहरादून द्वारा दिनांक 22.05.2022 को प्रातः 10:00 बजे जारी मौसम** पूर्वानुमान के अनुसार अगले 24 से 48 घण्टे तक अन्य जनपदों के साथ जनपद उत्तरकाशी में भारी वर्षा के होने की सम्भावना व्यक्त की गयी है। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा मौसम विभाग जारी पूर्वानुमान के अनुसार सम्बन्धितों को सूचित कर राष्ट्रीय राजमार्ग/ग्रामीण मार्ग/विघुत/पेयजल आदि बाधित सेवाओं की निरन्तर निगरानी की गयी। आपदा की स्थिति में बेहत समन्वय हेतु सम्बन्धित विभागों/अधिकारियों के समन्वय स्थापित किया गया।



:: रेडियोग्राम ::

(वाट्सएप/ईमेल)

प्रेषित—
1. उप जिलाधिकारी, डुण्डा/बड़कोट/पुरोला/भटवाड़ी (वस्ती)
2. तहसीलदार, भटवाड़ी/डुण्डा/चिन्यालीसौड़/बड़कोट/पुरोला/मोरी।
3. थानाध्यक्ष, मनेरी/धरासू/बड़कोट/पुरोला।
4. अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो०नि०वि०, बड़कोट।
5. अधिशासी अभियन्ता, लो०नि०वि० खण्ड, बड़कोट/पुरोला/भटवाड़ी।
6. कमान अधिकारी, सेना हर्षिल/आई०टी०बी०पी० मातली।

प्रेषक,
जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

संख्या— मेमो/13—आपदा प्रबन्धन/2022 दिनांक 22 मई, 2022

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा दिनांक 22.05.2022 को दोपहर 1:00 बजे जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य में दिनांक 22.05.2022 को गर्जन के साथ ओलावृष्टि/तीव्र बौछार/झक्कर तथा दिनांक 23.05.2022 को जनपद में भारी वर्षा, गर्जन के साथ/ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली/तीव्र बौछार/झक्कर (90 कि०मी०/घंटा) होने की सम्भावना व्यक्त की गयी है। इस दौरान जनपद में कहीं—कहीं भारी वर्षा/ओलावृष्टि/स्खलन/बजपात व तीव्र बौछार होने की घटना से आम जनजीवन को प्रभावित हो सकता है।

अतः उपरोक्तानुसार सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये जाते है कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार स्थानीय लोगों/यात्रियों/ट्रेकरों को सतर्क करते हुये संवेदनशील स्थानों पर भारी वर्षा से भू—स्खलन/सड़क बाधित होने, ओलावृष्टि/आकाशीय बिजली/झक्कड़ की सम्भावना के दृष्टिगत सावधानी बरतें एवं जीवनरेखा सेवाओं से सम्बन्धित कार्यों के लिये उत्तरदायी समस्त कार्मिकों को सतर्क करते हुये आपदा की स्थिति में प्रतिवादन का उच्चतम स्तर बनाया रखना सुनिश्चित किया जाय। विशेषकर सीमा सड़क संगठन, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड एवं लोक निर्माण विभाग अपने नियंत्रणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों/अन्य राज्य मार्गों के संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त मशीनरी/मजदूरों आदि की तैनात रखेगे मार्ग बाधित होने पर तत्काल सुचारू करवाये जायेंगे। जल संस्थान/विद्युत विभाग सेवा बाधित होने पर पेयजल/विद्युत आपूर्ति तत्काल सुचारू करेंगे। इसके अतिरिक्त समस्त विभागों के क्षेत्रीय कर्मचारी अपने—अपने क्षेत्रों में उपस्थित रहेंगे। () उक्त अवधि में जनपद अन्तर्गत आये यात्रियों/पर्यटकों/ट्रेकरों को उक्तानुसार सूचित कर सुरक्षित स्थानों पर रूकने हेतु जानकारी देंगे। ()


संदेश के लिए नहीं
दिनांक— 22.05.2022

प्रभारी अधिकारी (आ०प्र०)
कृते—जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

प्रतिलिपि:— निम्नांकित को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. पुलिस अधीक्षक, उत्तरकाशी को इस आशय से प्रेषित कि जनपद में तैनात एन०डी०आर०एफ०, एस०डी०आर०एफ०, पुलिस खोज—बचाव आदि दलों को खोज—बचाव संसाधनों के साथ सतर्क करने का कष्ट करें।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, (नोडल)।
3. अधीक्षण अभियंता, छटवां वृत्त, लो०नि०वि०, उत्तरकाशी।
4. कमाण्डर, सीमा सड़क संगठन, तेखला, उत्तरकाशी।
5. जिला सूचना अधिकारी, उत्तरकाशी।
6. जिला पर्यटक अधिकारी, पर्यटन कार्यालय, उत्तरकाशी।
7. उप निदेशक, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी।
8. उप निदेशक, गोविन्द वन्य जीव पशुविहार, पुरोला।
9. मुख्य शिक्षा अधिकारी, उत्तरकाशी।
10. अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान/जल निगम, उत्तरकाशी।
11. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, उत्तरकाशी।
12. समस्त आई०आर०एस० नोडल अधिकारीगण।
13. जिलाधिकारी महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
14. पुलिस कन्ट्रोल रूम (डेल्टा) को शीघ्र प्रेषण हेतु प्रेषित।
15. तैनात समस्त नोडल/सेक्टर अधिकारी चारधाम यात्रा, उत्तरकाशी।

प्रभारी अधिकारी (आ०प्र०),
कृते—जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

District Emergency Operation Center Uttarkashi (DEOC)



**<u>जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 13.05.2022 को आहूत बैठक में आगामी मानसून काल में सम्भावित आपदा के</u>** दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों के सम्बन्ध में जनपद अन्तर्गत उपलब्ध खोज–बचाव उपकरणों, सेटेलाईट फोन का मानूसन अवधि से पूर्व आवश्यक मरम्मत एवं संचालन सम्बन्आदि करवाते हुये कार्यशील रखे जाने के निर्देश के क्रम में जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षण का कलेण्डर/रूपरेखा तैयार करते हुये सम्बन्धित अधिकारियजनपद में तैनात एन0डी0आर0एफ0, निरीक्षक, श्री संजय कुमार एवं जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के मास्टर ट्रेनर, खोज–बचाव श्री मस्तान भण्डारी आदि अन्य कार्मिकों की तैनाती कर निम्न प्रशिक्षण कलैण्डर के अनुसार तहसीलों/थानों में उपलब्ध खोज–बचाव उपकरणों/सामग्री एवं सेटेलाईट फोन के रख–रखाव एवं संचालन तथा खोज–बचाव सम्बन्धी प्रशिक्षण तथा उपकरणों की कार्यशीलता की जांच करते हुये सूचीबद्ध किये जाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

| क्र.सं. | तहसील/थाना का नाम | उपकरणों के जांच/प्रशिक्षण की निर्धारित तिथि/समय | |
|---|---|---|---|
| | | दिनांक | समय |
| 1 | तहसील, भटवाडी। | 23.05.2022 | प्रातः 10:00 बजे |
| | थाना, मनेरी | | अपरान्ह 2:00 बजे |
| 2 | थाना, हर्षिल | 24.05.2022 | प्रातः 11:00 बजे |
| 3 | तहसील, चिन्यालीसौड। | 25.03.2022 | प्रातः 10:00 बजे |
| | थाना, धरासू | | अपरान्ह 2:00 बजे |
| 4 | तहसील, डुण्डा | 26.05.2022 | प्रातः 10:30 बजे |
| 5 | पुलिस लाईन, उत्तरकाशी। | 28.05.2022 | प्रातः 10:30 बजे |
| 6 | थाना बडकोट | 31.05.2022 | प्रातः 11:00 बजे |
| | तहसील, बडकोट | | अपरान्ह 2:00 बजे |
| 7 | तहसील, पुरोला | 01.06.2022 | प्रातः 10:00 बजे |
| | थाना, पुरोला | | अपरान्ह 2:00 बजे |
| 8 | तहसील, मोरी | 02.06.2022 | प्रातः 10:00 बजे |
| | थाना मोरी | | अपरान्ह 2:00 बजे |















REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA



**<u>जनपद अन्तर्गत विश्व बैंक सहायतित उत्तराखण्ड डिजास्टर रिकवरी परियोजना के द्वारा वित्तपोषित</u>** Integrated Geospatial Platform and Application for Disaster Risk Management in Uttarakhand (IGPDA-DRM) परियोजना अन्तर्गत समस्त जनपदों में सतत् प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास किया प्रशिक्षण आयोजित किये जाने के निर्देश है। उक्त के क्रम में जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षण कलैण्डर तैयार कर तैनात श्री सचिन पाण्डे, GIS Anaysts, (IGPDA-DRM को निर्देशित कर सम्बन्धित तहसीलों से समन्वय/आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुये जनपद अन्तर्गत के सभी तहसीलों में IGPDA-DRM एप का प्रशिक्षण निम्न कलैण्डर के अनुसार सफल आयोजन किया गया।

| क्र.सं. | तहसील/थाना का नाम | प्रशिक्षण की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | तहसील, भटवाडी। | 23.05.2022 |
| 3 | तहसील, चिन्यालीसौड। | 25.03.2022 |
| 4 | तहसील, डुण्डा/उप तहसील धौन्तरी | 26.05.2022 |
| 5 | उप तहसील जोशियाडा। | 28.05.2022 |
| 6 | तहसील, बडकोट | 31.05.2022 |
| 7 | तहसील, पुरोला | 01.06.2022 |
| 8 | तहसील, मोरी | 02.06.2022 |









**दिनांक 25.05.2022 को तहसील भटवाडी के अन्तर्गत स्थान लाटा कुमाल्टी से एक व्यक्ति की भागीरथी** नदी में बहने की सूचना पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त व्यक्ति की खोज–बीन हेतु एस.डी.आर.एफ, एन.डी.आर.एफ, पुलिस टीम द्वारा खोज–बीन हेतु तैनात किया गया।









दिनांक–26.05.2022 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान डाबरकोट,स्यानाचट्टी के पास समय लगभग 10:00 बजे रात्रि को 01 यात्री मैक्स वाहन लगभग 150 मीटर खाई में गिरने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित किया गया। उक्त वाहन में 09 व्यक्ति तथा 04 बच्चों सहित कुल 13 लोग सवार थे। जिसमें से उक्त सवार व्यक्तियों में से 02 पुरूष तथा 01 महिला यात्री की घटना स्थल पर ही मृत्यु हुयी है एवं 10 व्यक्ति घायल हुये उक्त घायलों को 108, आपातकालीन सेवा के माध्यम से प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडकोट में उपचार हेतु लाया गया । जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा डॉ0 की टीम से समन्वय कर मृतकों शव को पचंनामा/पोस्टमार्टम हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगांव भेजा गया।

**दिनांक 30.05.2022 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान कोपांग बैण्ड के पास समय लगभग 12:20 बजे** रात्रि को यात्री टेम्पो ट्रेवल्स वाहन संख्या UK-07PA-4832 लगभग 100 मीटर खाई में गिरने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित किया टीम रवाना की गयी। उक्त वाहन में वाहन चालक सहित कुल 15 लोग सवार थें। जो सभी घायल हुए। उक्त घायलों को आई0टी0बी0पी0 कोपांग तथा पुलिस हर्षिल द्वारा सेना चिकित्सालय हर्षिल मे लाया गया। 02 गम्भीर घायलो 01 पुरूष तथा 01 महिला की मृत्यु हुयी तथा 13 अन्य घायलों को प्राथामिक उपचार देने के पश्चात चिकित्सकों द्वारा जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी हेतु रेफर किया गया । जिसके पश्चात उक्त घायलो में से 02 गम्भीर घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद 02 व्यक्तियो को हायर सेन्टर देहरादून हेतु रेफर किया गया। यात्रियों के शवों के उनके गृह जनपद ले जाने हेतु हिमालय चिकित्साल देहरादून से समन्वय कर शव के संनलेपन/कॉफिन आदि की व्यवस्था की गयी।

## यात्रा कन्ट्रोल रूम (जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र)

चारधाम यात्रा अन्तर्गत जनपद में स्थिति श्री यमुनोत्री एवं श्री गंगोत्री धाम के कपाट दिनांक 03 मई, 2022 से पर्यटकों/यात्रियों के दर्शनार्थ खोले गये। जनपद अन्तर्गत चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को यात्रा कन्ट्रोल रूम कार्यशील किया गया। यात्रा कन्ट्रोल रूम द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों, तैनात नोडल/सैक्टर अधिकारियों से समन्वय कर श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री धाम एवं प्रमुख पड़वों में स्वास्थ्य सुविधा, पयेजल, विद्युत शौचालय, स्वच्छाता एवं दूरसंचार, खाद्यान्न पदार्थों के दर नियंत्रण/मजदूर दण्डी–कण्डी, खोड़–खच्चर आदि के नियमित 24X7 घटें निगरान निगरानी की जा रही है। विभिन्न यात्रा पड़व पर आवश्यक सविधाओं के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों को पंजिका में दर्ज कर सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित कर शिकायत का नितस्ताण करवाया जा रहा है। गंगोत्री एवं यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को सुचारू रखे जाने हेतु पर्याप्त मशीनरी/मानव संसाधन की उपलब्धता की निगरानी की जा रही है।








उत्तराखण्ड जल संस्थान
उत्तरकाशी
स्वच्छ पेयजल










मूल्य सूची


चारधाम यात्रा में आपका
हार्दिक अभिनंदन
स्वस्थ एवं सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए
कृपया निम्न बातों का ध्यान रखें
FOR HEALTHY AND SAFE CHARDHAM YATRA
PLEASE KEEP THE FOLLOWING THINGS IN MIND
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तरकाशी द्वारा जनहित में जारी


यात्रा में आपका हार्दिक स्वागत है।
स्वास्थ्य परीक्षण केन्द्र
स्थान- हिना



यहां पर ऑक्सीजन
उचित मूल्य पर
उपलब्ध है।




Uttrakhand Tourism
Welcomes You...
उत्तराखंड टूरिज़्म
कृपया लाइन में
खड़े रहे और सहयोग करें
श्री यमुनोत्री धाम यात्रा में
आपका हार्दिक स्वागत है
WELCOME






**<u>चारधाम यात्रा एवं मानसून काल के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी, भटवाडी एवं उप जिलाधिकारी, बडकोट के</u>** निर्वतन पर आगामी 1 माह (दिनांक 01 मई, 2022 से दिनांक 31 मई, 2022) तक एक–एक मल्टी पर्पज वाहन (Makeshift vehicle ) की तैनाती की जानी उचित होगी।


**यात्रा कन्ट्रोल रूम द्वारा श्री गंगोत्री धाम एंव श्री यमुनोत्री धाम में लगाये गये सी0सी0टी0वी0 कैमरा से** भीड़–भाड़ एवं आवश्यक सेवाओं की निगरानी की जा राही है इसके अतिरिक्त यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आये पर्यटक/यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत जानकीचट्टी से यमुनोत्री पैदल मार्ग पर यात्रियों, मजदूरों/दण्डी–कण्डी, खोड़–खच्चर एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की नियमित निगरानी किये जाने हेतु विभिन्न स्थानों पर 06 सी0सी0टी0वी0, सिस्टम अतिरिक्त लगवाया गया है।











यात्रा कन्ट्रोल रूम द्वारा श्री गंगोत्री धाम एंव श्री यमुनोत्री धाम यात्रियों से सम्बन्धित सूचना संकलित कर दैनिक सूचना जनपद एवं शासन स्तर पर प्रेषि की जा रही है।

यात्रा कन्ट्रोल रूम
(जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र),
उत्तरकाशी।

Phone: + 91 - 1374 - 222722, 222126, 1077 (Toll free), Mobile.: + 917500337269, 7252887587, 7310913129 (Off)
Mail Id: ddmauttarkashi@gmail.com

## श्री यमुनोत्री एवं श्री गंगोत्री धाम यात्रा बुलेटिन

बुलेटिन संख्या–15 दिनांक– 28.05.2022 समय– सांय 07:00 बजे।

### यात्रियों की संख्या

| धाम का नाम | दैनिक यात्रियों की संख्या (दिनांक–28.05.2022) | | | | अब तक प्रगतिशील यात्रियों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | बच्चे | योग | पुरूष | महिला | बच्चे | योग |
| श्री यमुनोत्री धाम | 3836 | 3007 | 73 | 6916 | 96300 | 72022 | 2572 | 170894 |
| श्री गंगोत्री धाम | 4455 | 4340 | 80 | 8875 | 116932 | 108314 | 4478 | 229724 |
| योग | **8291** | **7347** | **153** | **15791** | **213232** | **180336** | **7050** | **400618** |

### वाहनों का विवरण

| धाम का नाम | दैनिक वाहनों की संख्या (दिनांक–28.05.2022) | | | | अब तक प्रगतिशील वाहनों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बडे वाहन | छोटे वाहन | दुपहिया वाहन | योग | बडे वाहन | छोटे वाहन | दुपहिया वाहन | योग |
| श्री यमुनोत्री धाम | 162 | 379 | 41 | 582 | 4156 | 9924 | 702 | 14782 |
| श्री गंगोत्री धाम | 167 | 547 | 9 | 723 | 4419 | 15571 | 854 | 20844 |
| योग | **329** | **926** | **50** | **1305** | **8575** | **25495** | **1556** | **35626** |

### गंगोत्री से गौमुख जाने वाले यात्रियों का विवरण

| दिनांक | भारतीय | | विदेशी | | गाइड/पोटर्स | कुल | प्रगतिशील योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | | | |
| 28.05.2022 | 102 | 18 | 1 | 0 | 24 | 145 | 3541 |

### जनपद में घटित घटनायें

| क्र.सं. | विवरण | | दिनांक 28.05.2022 को घटित घटनायें | अब तक कुल संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहन दुर्घटना | | - | **01** | - |
| | (क) घायल व्यक्तियों की संख्या | | - | **10** | |
| | (ख) मृतक व्यक्तियों की संख्या | | - | **03** | |
| 2 | अन्य कारणों/हृदयघात से मृतक व्यक्तियों की संख्या | यमुनोत्री धाम | 01 | 25 | यमुनोत्री धाम पैदल मार्ग पर– 12<br>यमुनोत्री धाम में स्नान के बाद– 05<br>यात्रा मार्ग पर होटल/वाहन में यात्रा के दौरान – 08<br>**कुल– 25** |
| | | गंगोत्री धाम | 01 | 07 | गंगोत्री धाम में– 02<br>यात्रा मार्ग पर होटल/वाहन में यात्रा के दौरान – 04<br>स्थनीय व्यक्ति– 01<br>**कुल– 07** |
| योग | | | **02** | मृतक–35<br>घायल–10<br>( अन्य कारण–32, सड़क दुर्घटना–03 एवं घायल–10) | |



**Location of District Healthcare Facility on Yatra Route**

| S.No. | Name | Type | Location |
|---|---|---|---|
| 1 | District Hospital | District Hospital | Click Here |
| 2 | PHC, Bhatwari | Primary Health Centre | Click Here |
| 3 | PHC, Netala | Primary Health Centre | Click Here |
| 4 | PHC, Dunda | Primary Health Centre | Click Here |
| 5 | PHC, Bhramkhal | Primary Health Centre | Click Here |
| 6 | CHC, Chiniyalisor | Community Health Centre | Click Here |
| 7 | CHC, Naugaun | Community Health Centre | Click Here |
| 8 | CHC, Badkot | Community Health Centre | Click Here |
| 9 | CHC, Dhontri | Community Health Centre | Click Here |
| 10 | PHC, Manpur | Primary Health Centre | Click Here |
| 11 | PHC, Gangotri | Primary Health Centre | Click Here |
| 12 | PHC, Gangnani | Primary Health Centre | Click Here |
| 13 | PHC, Maneri | Primary Health Centre | Click Here |
| 14 | PHC, Harsil | Primary Health Centre | Click Here |
| 15 | PHC, Damta | Primary Health Centre | Click Here |
| 16 | PHC, Kharadi | Primary Health Centre | Click Here |
| 17 | PHC, Rana | Primary Health Centre | Click Here |
| 18 | PHC, Jankichatti | Primary Health Centre | Click Here |
| 19 | PHC, Yamunotri | Primary Health Centre | Click Here |

इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर आहूत विभिन्न वनाग्नि नियंत्रण/यात्रा तैयारी आदि बैठकों में सम्बन्धितों से समन्वय कर आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

प्रतिलिपिः– निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।